## उत्पीड़न के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कोलकाता, 2 जनवरी (भाषा)।

बांग्ला फिल्म उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली फिल्म स्क्रीनिंग कमेटी ने शुक्रवार को कोलकाता पुलिस को पत्र लिखकर सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से फिल्मकारों और कलाकारों के खिलाफ कथित तौर पर किए जा रहे लक्षित, अश्लील और मानहानिकारक हमलों में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।


पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक। punjab national bank ...the name you can BANK upon!

**दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन प्रभाग (SAMD), प्रधान कार्यालय**
**प्लॉट सं.-4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075**

**सार्वजनिक सूचना**

पंजाब नैशनल बैंक, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 5 के अंतर्गत एनपीए खातों को 100% नकदी आधार पर 'जैसा है जहां है' ('as is where is'), 'जो है जैसा है' ('as is what is') और 'जो कुछ भी है' ('whatever there is') तथा दायित्व रहित आधार पर अंतरित / सौंपना चाहता है। आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी (ARCs) / अनुमत अंतरणकर्ताओं से निम्नलिखित खातों के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है:

(राशि ₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | एसएएमबी/ एआरएमबी | नाम | दिनांक 31.12.2025 को निधि आधारित बकाया | गैर-निधि आधारित बकाया | इंस्ट्रूमेंट/ डिबेंचर आदि | कुल बही बकाया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चंडीगढ़ | बी.डी.एच. एंटरप्राइजेज इंडिया | 11.14 | 0.00 | 0.00 | 11.14 |
| 2. | चंडीगढ़ | ब्रोस एंटरटेनमेंट शॉपी पी लिमिटेड | 4.28 | 0.00 | 0.00 | 4.28 |
| 3. | चेन्नई | श्री बसवेश्वर शुगर्स लिमिटेड | 23.69 | 0.00 | 0.00 | 23.69 |
| 4 | चेन्नई | रांची एक्सप्रेसवेज लिमिटेड | 93.81 | 0.00 | 0.00 | 93.81 |
| 5. | एआरएमबी दक्षिणी दिल्ली | सिंभावली शुगर्स लिमिटेड | 226.44 | 0.05 | 0.00 | 226.49 |
| 6. | मुंबई | गैमन इंडिया लिमिटेड | 505.68 | 4.52 | 3.63 | 513.83 |

इच्छुक एआरसी / अनुमत अंतरणकर्ता अपनी अभिरुचि की अभिव्यक्ति **hosastraarc@pnb.bank.in** पर प्रेषित कर सकते हैं। पीएनबी के पास किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए, बैंक विवेकानुसार प्रक्रिया को रद्द/संशोधित/वापस लेने और संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, आप अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते हैं:

| नाम | पदनाम | सम्पर्क विवरण |
|---|---|---|
| मृत्युंजय कुमार | उप महाप्रबंधक | 7506647014 |
| धीरज झा | सहायक महाप्रबंधक | 9909994101 |

***अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 12.01.2026 (सोमवार) सायं 05.00 बजे तक रहेगी।***

अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक की कॉरपोरेट वेबसाइट **https://www.pnb.bank.in/Public-Notices.aspx पर 'Public Notices' अनुभाग देखें।**

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 02.01.2026

हस्ता/-
उप महाप्रबंधक


## कोलकाता हिंदी मेला में युवा प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



कोलकाता, 2 जनवरी (जनसत्ता)।

कोलकाता हिंदी मेले में उन युवा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने साहित्य को संगीत, चित्रकला, नृत्य, अभिनय, आवृत्ति आदि कलाओं से जोड़ा। हिंदी मेला का 31वां आयोजन सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन और भारतीय भाषा परिषद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। फोटोग्राफी प्रतियोगिता का शिखर संजना जायसवाल बेथुन कालेज, प्रथम स्थान मौली मुखर्जी, विद्यासागर विश्वविद्यालय, द्वितीय अन्वेषा राय चौधरी, तृतीय निशा जायसवाल, प्रथम विशेष सुकन्या तिवारी, जालान महिला महाविद्यालय और कंचन भगत एलिट बीएड कालेज को मिला।

सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डा शंभुनाथ ने कहा कि हिंदी भाषा भारतीय संस्कृतियों का आंगन है। कोलकाता हिंदी मेला देश के मन को जोड़ने का युवा आंदोलन है। सात दिवसीय हिंदी मेले का समापन वक्तव्य देते हुए भोपाल से आए वरिष्ठ कवि व लेखक डा विजय बहादुर सिंह ने कहा कि कोलकाता हिंदी मेला पूरे भारत में अनोखा आयोजन है। यह मेला अपने सांस्कृतिक वैभव में आगे निरंतर विकसित होता जाएगा।

इस बार हिंदी मेले में देश भर के कवियों और लेखकों ने भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर चर्चा और कविता पाठ में बड़े पैमाने पर हिस्सा लिया था। पश्चिम बंगाल के 100 से अधिक स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों और नौजवानों ने भाग लिया और मेले को एक सुंदर इंद्रधनुष बना दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन के संयुक्त महासचिव प्रो संजय जायसवाल ने कहा कि सात दिनों के हिंदी मेले का आयोजन कोलकाता के हिंदी भाषी समाज की सांस्कृतिक पहचान है। साहित्य को कलाओं से जोड़ने और लोकप्रिय बनाने के इस अभियान में कोलकाता के हिंदी प्रेमी नागरिकों, शिक्षकों और हमारे संस्कृति कर्मियों की एक बड़ी भूमिका है। इस अवसर पर डा अनिता राय, श्री आशुतोष सिंह, उमा डगमान और सुरेश शाह को उनके अवकाश ग्रहण पर विशेष रूप से हिंदी मेला सम्मान दिया गया।

समापन दिवस पर रामनिवास द्विवेदी ने रामानंद द्विवेदी संस्कृत सम्मान' कलकत्ता विश्वविद्यालय, बर्दवान विश्वविद्यालय तथा विद्यासागर विश्वविद्यालय के एम ए के सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किया तथा हिंदी मेले की सफलता के लिए सबका अभिनंदन किया। सम्मान समारोह में पीयूष गोयल ने विद्यार्थियों का विशेष रूप से उत्साहवर्धन किया।

# 'विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां दो साल के निचले स्तर पर'

नई दिल्ली, 2 जनवरी (भाषा)।

देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर में दो साल के निचले स्तर पर आ गईं। नए आर्डर में धीमी वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआइ) नवंबर के 56.6 से दिसंबर में 55 पर आ गया। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआइ) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की कार्यकारी निदेशक पालियाना डी लीमा ने कहा, 'वृद्धि की गति धीमी होने के बावजूद भारत के विनिर्माण उद्योग ने 2025 का समापन अच्छी स्थिति में किया। नए व्यवसायों

> *मौसमी* रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआइ) नवंबर के 56.6 से दिसंबर में 55 पर आ गया।

में आई तीव्र वृद्धि से कंपनियों को वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में व्यस्त रहने की उम्मीद है और प्रमुख मुद्रास्फीति दबावों की कमी मांग को समर्थन देना जारी रख सकती है।' एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई सर्वेक्षण द्वारा 'ट्रैक' किए गए कई मापदंडों में 2025 कैलेंडर वर्ष के अंत में वृद्धि की गति धीमी हो गई। दो वर्ष में नए आर्डर में सबसे कमजोर उछाल के बीच उत्पादन वृद्धि 38 महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई। कुल बिक्री में आई मंदी का एक कारण अंतरराष्ट्रीय आर्डर में धीमी वृद्धि भी रही। नए निर्यात आर्डर में पिछले 14 महीनों में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी ओर एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया के ग्राहकों से बेहतर मांग देखने को मिली। सर्वेक्षण में कहा गया कि वर्तमान अवधि में रोजगार सृजन की गति सबसे कम रही...। कीमतों के मोर्चे पर सर्वेक्षण में कहा गया कि कच्चे माल की लागत में ऐतिहासिक रूप से नगण्य गति से वृद्धि हुई है। साथ ही, 'मूल्य मुद्रास्फीति' की दर नौ महीनों के निचले स्तर पर आ गई है। भारतीय वस्तु उत्पादकों को 2026 में वर्तमान स्तर की तुलना में उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है लेकिन समग्र भावना का स्तर लगभग साढ़े तीन वर्ष में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआइ को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## रुपया फिर 90 के पार, 22 पैसे टूटकर 90.20 पर बंद

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 2 जनवरी।



रुपया शुक्रवार को फिर 90 के स्तर से नीचे फिसल गया और 22 पैसे टूटकर 90.20 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ। निराशाजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया दबाव में रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा आयातकों की मजबूत डालर मांग ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर किया। उन्होंने कहा कि हालांकि कच्चे तेल की कमजोर कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल ने गिरावट को कुछ हद तक अंकुश लगाया।

साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से रुपए को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डालर के मुकाबले 89.95 पर खुला। कारोबार के दौरान 90.25 प्रति डालर के निचले और 89.92 प्रति डालर के उच्च स्तर पर पहुंचा। अंत में डालर के मुकाबले 90.20 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट है।

रुपया गुरुवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले 89.98 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक (जिंस) अनुज चौधरी ने कहा कि निराशाजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों और अमेरिकी डालर में मजबूती से भारतीय रुपया शुक्रवार को एक बार फिर 90 के अंक के पार चला गया।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआइआइ) की निकासी का भी रुपए पर दबाव रहा। अनुज चौधरी ने कहा कि हालांकि, कच्चे तेल की कमजोर कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल ने गिरावट को कुछ हद तक कम कर दिया।

## निफ्टी ने नया शिखर छुआ, सूचकांक 573 अंक उछला

मुंबई, 2 जनवरी (भाषा)।

बिजली, बैंक एवं धातु शेयरों में मजबूत खरीदारी से शुक्रवार को प्रमुख इक्विटी सूचकांक निफ्टी अपने रेकार्ड स्तर पर पहुंचने के बाद 182 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि बीएसई सूचकांक में 573 अंकों की तेजी दर्ज की गई।

कारोबारियों के मुताबिक, घरेलू संस्थागत निवेशकों की तरफ से पूंजी निवेश का सिलसिला जारी रहने और एशियाई बाजारों में मजबूती से घरेलू शेयर बाजारों को तगड़ा समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 573.41 अंक यानी 0.67 फीसद की बढ़त के साथ 85,762.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 623.67 अंक चढ़कर 85,812.27 तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 182 अंक यानी 0.70 फीसद बढ़कर 26,328.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 193.45 अंकों की बढ़त के साथ 26,340 का उच्च स्तर भी हासिल किया।



**मांग** भोपाल में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने शुक्रवार को पुराने पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

### सरकार का सोशल मीडिया मंच एक्स को आदेश

## अश्लील सामग्रियां तत्काल हटाई जाए

नई दिल्ली, 2 जनवरी (ब्यूरो)।

सरकार ने शुक्रवार को अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को कड़ा नोटिस जारी करते हुए मंच से सभी एआइ-जनित अश्लील एवं गैरकानूनी सामग्रियों को तत्काल हटाने का निर्देश दिया।

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआइटीवाई) ने कहा कि खासकर 'एक्स' के कृत्रिम मेधा (एआइ) ऐप 'ग्रोक' के जरिये तैयार की गई सामग्री को तत्काल हटाना होगा। ऐसा नहीं करने पर सोशल मीडिया कंपनी के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने भारत में एक्स के मुख्य अनुपालन अधिकारी को भेजे नोटिस में कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत निर्धारित वैधानिक 'जांच-पड़ताल' दायित्वों का पालन न करने का आरोप है।

> *इस* आदेश के मुताबिक, 'एक्स को निर्देश दिया जाता है कि वह लागू कानूनों का उल्लंघन कर पहले से तैयार या प्रसारित की गई सभी सामग्री को बिना किसी देरी के हटाए या उसकी पहुंच को निष्क्रिय करे।

इस आदेश के मुताबिक, 'एक्स को निर्देश दिया जाता है कि वह लागू कानूनों का उल्लंघन कर पहले से तैयार या प्रसारित की गई सभी सामग्री को बिना किसी देरी के हटाए या उसकी पहुंच को निष्क्रिय करे। यह कार्रवाई आइटी नियम, 2021 में निर्धारित समयसीमा के भीतर सख्ती से सुनिश्चित की जाए, ताकि साक्ष्यों के साथ किसी भी तरह से छेड़छाड़ न हो।'

मंत्रालय ने एक्स से तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने और की गई कार्रवाई की रपट देने के लिए भी कहा है। नोटिस में खासकर 'ग्रोक' के दुरुपयोग से तैयार अश्लील, नग्न, आपत्तिजनक एवं यौन गतिविधियों को स्पष्ट रूप से दर्शाने वाली सामग्री के होस्टिंग, निर्माण, प्रकाशन, प्रसारण, साझा करने या अपलोड करने पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा गया है।

**संभावना** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, एनआइओएस केंद्रों को

## आइटीआइ व प्रशिक्षण संस्थानों से जोड़ने पर विचार

**सुशील राघव**
नई दिल्ली, 2 जनवरी।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि उनका मंत्रालय इस बात पर विचार कर रहा है कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआइओएस) के केंद्रों को देश भर में फैले औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआइ) और अन्य व्यवसायिक संस्थानों में स्थापित करे ताकि 'पढ़ाई और कमाई' का कार्य साथ-साथ हो सके। इसकी मदद से बीच में पढ़ाई छोड़ने वालों की संख्या को कम किया जा सकेगा।

प्रधान ने तकनीकी कंपनी 'जोहो' और टीसीएस सहित कुछ उदाहरण बताए जहां पर उद्योग विद्यार्थियों को अपने हिसाब से प्रशिक्षण दे रहे हैं और उन्हें नौकरी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के बदलते वैश्विक परिवेश में विद्यार्थियों के पास केवल उपाधि ही होना आवश्यक नहीं है बल्कि उनके पास कौशल भी होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसी व्यवस्था खड़ी करना है जहां पर पढ़ाई का आधार 'कौशल और उद्यमशीलता' हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित देशों में तीन चौथाई से अधिक लोग विभिन्न कार्यों को लगे हुए रहते हैं लेकिन भारत में यह संख्या काफी कम है।

देश को विकसित बनाने के लिए हमें काम करने योग्य लोगों की भागीदारी को बढ़ाना होगा। इस भागीदारी में महिलाओं की संख्या को भी बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी आर्थिक वजह से स्कूल छोड़ देते हैं। अगर उन्हें 'पढ़ाई और कमाई' का एक साथ मौका मिलेगा तो वे न केवल पढ़ाई करेंगे बल्कि कुशल भी बनेंगे।


THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR AN INFORMATION PURPOSE ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA

**GABION TECHNOLOGIES INDIA LIMITED**

**Corporate Identity Number: U74999DL2008PLC195317**

*Our Company was incorporated February 18, 2008 as 'Gabion Technologies India Private Limited', a private limited company under the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation dated February 18, 2008 issued by the Registrar of Companies, Mumbai. Further the registered office of the company was shifted from Mumbai, Maharashtra to New Delhi and fresh certificate of incorporation was obtained from ROC, Delhi & Haryana vide CIN: U74999DL2008PLC195317. Subsequently, our Company was converted into a public limited company pursuant to a resolution passed by our Shareholders at an Extraordinary General Meeting held on November 11, 2024 and consequently the name of our Company was changed to 'Gabion Technologies India Limited' and a fresh certificate of incorporation dated December 10, 2024 was issued by the Central Processing Centre. The corporate identification number of our Company is U74999DL2008PLC195317. For further details please refer to the chapter titled "History and Certain Corporate Matters" beginning on Page No. 180 of this Red Herring Prospectus.*

**Registered Office:** 38, S/F, Near MCD Park, Mohammadpur, New Delhi, Delhi, India, 110066
**Tel:** +91 98187 93385; **E-mail id:** compliance@gabionindia.com, **Website:** https://gabionindia.com/
**Contact Person:** Ms. Puja Aggarwal, Company Secretary and Compliance Office;

**PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. MADHUSUDAN SARDA, MRS. URVASHI SARDA, MS. PRIYANANDINI SARDA AND M/S ARS MERCHANTS PRIVATE LIMITED**

INITIAL PUBLIC ISSUE OF UP TO 36,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF GABION TECHNOLOGIES INDIA LIMITED (OUR "COMPANY" OR "GTIL" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [•] LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH UP TO 1,80,800 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF UP TO 34,19,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [•] LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE UP TO 26.52 % AND UP TO 25.19 % RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

THE OFFER IS BEING MADE THROUGH BOOK BUILDING PROCESS IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 AS AMENDED FROM TIME TO TIME (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF BSE LIMITED (BSE SME)

THE EQUITY SHARES OF THE COMPANY WILL GET LISTED ON SME PLATFORM OF BSE. FOR THE PURPOSE OF THE OFFER, THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE WILL BE BSE LIMITED

**CORRIGENDUM TO RED HERRING PROSPECTUS (RHP)**

With reference to the Red Herring Prospectus dated December 30, 2025, attention of the investors is drawn to following updates made on page 247 under the chapter titled "Government and Other Approvals." In this regard, investors should note the following:

| Sr. No. | Nature of Registration/ License | Registration/License/ Certificate No. | Issuing Authority | Date of Issue | Date of Expiry |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | GST Registration Certificate – Uttarakhand* | 05AADCG0653P1ZH | Goods and Services Tax Department | July 01, 2017 | Valid till cancelled |
| 13 | GST Registration Certificate – Bihar* | 10AADCG0653P1ZQ | Goods and Services Tax Department | November 30, 2023 | Valid till cancelled |

And on page 259 under the chapter titled "Other Regulatory and Statutory Disclosures". In this regard, investors should note the following:

| Sr. No. | Issuer Name | Issue size (₹ In Cr.) | Issue Price (₹) | Listing date | Opening price on listing date | +/- % change in Price on closing price, [+/-% change in closing benchmark]-30th calendar days from listing* | +/- % change in Price on closing price, [+/-% change in closing benchmark]-90th calendar days from listing* | +/- % change in Price on closing price, [+/-% change in closing benchmark]-180th calendar days from listing* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | K.V. Toys India Limited* | 40.15 | 239 | 15.12.2025 | 320.00 | - | - | - |

**GENERAL RISK:** Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Offer unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of the Issuer and this offer, including the risks involved. The Equity Shares have not been recommended or approved by the Stock Exchange nor does Stock exchange guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to "Risk Factors" on page 26 of the Red Herring Prospectus.

**BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE OFFER**

**GYR CAPITAL ADVISORS PRIVATE LIMITED**
428, Gala Empire, Near JB Tower, Drive in Road, Thaltej, Ahmedabad -380 054, Gujarat, India.
**Telephone:** +91 87775 64648
**Facsimile:** N.A.
**E-mail:** exato.ipo@gyrcapitaladvisors.com
**Website:** www.gyrcapitaladvisors.com
**Investor grievance:** investors@gyrcapitaladvisors.com
**Contact Person:** Mr. Mohit Baid
**SEBI Registration Number:** INM000012810
**CIN:** U67200GJ2017PTC096908

**REGISTRAR TO THE ISSUE**

**KFIN TECHNOLOGIES LIMITED**
**Address:** Selenium Tower-B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad – 500 032, Telangana
**Telephone:** +91 40 6716 2222
**E-mail id:** gabion.ipo@kfintech.com
**Website:** www.kfintech.com
**Investor grievance:** einward.ris@kfintech.com
**Contact Person:** M Murali Krishna,
**SEBI Registration Number:** INR000000221
**CIN:** L72400MH2017PLC444072

**COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER**

**GABION TECHNOLOGIES INDIA LIMITED**
Ms. Puja Aggarwal
Company Secretary and Compliance Officer
**Registered office:** 38, S/F, Near MCD Park, Mohammadpur, New Delhi, Delhi, India, 110066
**Telephone:** +91 9818793385,
**Email:** compliance@gabionindia.com
**Website:** https://gabionindia.com/
**CIN:** U74999DL2008PLC195317

Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer or the BRLM or the Registrar to the issue in case of any pre-issue or post-issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account and refund orders, etc.

**All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.**

**On behalf of Board of Directors**
**FOR, GABION TECHNOLOGIES INDIA LIMITED**
**Sd/-**
**Puja Aggarwal**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Place: New Delhi, India**
**Date: January 02, 2026**

**Disclaimer:** Gabion Technologies India Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the RHP with the Registrar of Companies, Delhi & Haryana, December 30, 2025 and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. Full copy of the Red Herring Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, website of the Company https://gabionindia.com/, the website of the BRLM to the Offer at: www.gyrcapitaladvisors.com, the website of BSE SME at https://www.bsesme.com/PublicIssues/RHP.aspx, respectively. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the RHP including the section titled "Risk Factors" beginning on page 26 of the Red Herring Prospectus.